आकाशवाणी शिमला

09.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

कैबिनेट

प्रदेश सरकार ने राज्य में बांस, सफेदा और पापुलर को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के पौधों के कटान पर प्रतिबंध लगा दिया है। ये निर्णय प्रदेश मंत्रिमंडल की आज शिमला में सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। मंत्रिमंडल के फैसले के अनुसार खेर की कटाई की अनुमति केवल बिक्री के लिए दस वर्षीय कार्यक्रम के अनुसार ही होगी। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि मंत्रिमंडल ने भारतीय स्टांप अधिनियम 1899 की अनुसूची एक ए में संशोधन के लिए अध्यादेश लाने को भी मंजूरी दी। इस अध्यादेश के आने से प्रदेश में धारा 118 के तहत भूमि के सुरक्षित हस्तांतरण और पटटे के लेन देन पर 12 प्रतिशत की एक समान ड्यूटी लगाई जाएगी

जगत सिंह नेगी ने कहा कि मंत्रिमंडल ने बीपीएल की सूची में शामिल किए जाने वाले परिवारों के संबंध में नये मापदंड लागू करने को भी मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने राज्य के दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की शिकायतों के निवारण के लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के लिए दिशा–निर्देशों को मंजूरी दी।

मंत्रिमंडल ने प्रदेश में नशे के कारोबार के नेटवर्क को खतम करने के लिए एक स्पेशल टास्क फोर्स की स्थापना को भी मंजूरी दी।

जगत सिंह नेगी ने बताया कि मंत्रिमंडल ने नालागढ़ में एक मेगावाट का हरित हाईड्रोजन प्रौजेक्ट स्थापित करने, पम्प स्टोरेज परियोजना के लिए हरित ऊर्जा विकास शुल्क लगाने, वैट, सीएसटी और प्रवेश कर अधिनियमों के तहत लम्बित मामलों के निपटान के लिए हिमाचल प्रदेश सदभावना विरासत मामले समाधान योजना शुरू करने, शिमला के तारादेवी मंदिर के आसपास के क्षेत्र को हरित क्षेत्र के दायरे में लाने और कांगड़ा की पंचरूखी उप तहसील को स्तरोन्नत कर तहसील बनाने का भी निर्णय लिया। मंत्रिमंडल ने शिमला के धमवाड़ी, चंबा के साहो और कांगड़ा के चचियां में नई उप तहसीलें खोलने और

बद्दी–बरोटीवाला नालागढ़ विकास प्राधिकरण लैंड पूलिंग पॉलिसी को भी मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को भी श्रद्धांजलि दी और उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखा।

केवल पठानिया

शाहपुर के विधायक व उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने शिक्षकों का आह्वान किया है कि वे विद्यार्थियों से पारिवारिक रिश्ता बनाए और उनसे संवाद करें। पठानिया आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्याड़ा के वार्षिक उत्सव के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने इस मौके पर 4 प्राथमिक स्कूलों के 79 विद्यार्थियों को निशुल्क ट्रैक सूट और जूते वितरित किए। पठानिया ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सुख आश्रय योजना से प्रेरित होकर अपने विधानसभा क्षेत्र में बच्चों की सेवा करने का बीड़ा उठाया हैं उन्होंने इस मौके पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

बैडमिंटन

देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा बैडमिंटन प्रतियोगिता में क्षेत्रीय बोर्ड शिमला ने पहला स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता है। टीम के कोच अजय कंवर व प्रबंधक ऋषि पाल ने बताया कि क्षेत्रीय खेल बोर्ड शिमला की टीम ने फाइनल में आरएसबी शिलांग की टीम को हरा कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ये प्रतियोगिता 3 से 8 जनवरी तक आयोजित की गई।

मौसम

प्रदेश में साफ मौसम के बावजूद शीतलहर का प्रकोप जारी है। प्रदेश के मैदानी जिलों बिलासपुर, मंडी और ऊना में लोगों को घने कोहरे और प्रचंड शीतलहर का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि दिन में धूप निकलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत भी मिल रही है। राज्य के लगभग एक दर्जन शहरों में आज न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से नीचे दर्ज किया गया।

——————————————